केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम द्वारा दिनांक 21 अगस्त, 2023 को विश्व बकरी दिवस मनाया गया ।

भा0कृ0अ0प0 – केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम द्वारा संस्थान में दिनांक 21 अगस्त, 2023 को विश्व बकरी दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हबीबर रहमान, क्षेत्रीय प्रतिनिधि दक्षिण एशिया अन्तर्राष्ट्रीय पशुधन शोध संस्थान एवं पूर्व उपमहानिदेशक, (पशु विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्व बकरी दिवस की भारत में सीमान्त, लघु किसानों एवं भूमिहीन मजदूरों के जीवन यापन में बकरी पालन द्वारा आजीविका एवं पोषण संरक्षण भूमिका एवं महत्व के बारें में अवगत कराया ।

उन्होंने वैज्ञानिकों से आवाहन किया कि बीमारियों से होने वाली आर्थिक हानि को कम करने के लिए नए टीके बनाने की दिशा में शोध कार्यों पर ध्यान देने आवश्यकता है, उन्होंने बकरी पालन द्वारा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने पर बल दिया ।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली ने संस्थान द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों एवं प्रसार गतविधियों के बारें सभा में उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया । इस कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अशोक कुमार, विभागाध्यक्ष पशु स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर 103 वें राष्ट्रीय वैज्ञानिक बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन भी मुख्य अतिथि डॉ. हबीबर रहमान द्वारा किया गया, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 11 राज्यों से आए 65 प्रशिणार्थियों ने भाग लिया एवं देश के विभिन्न भागों से आए प्रगतिशील बकरी पालकों ने अपनी सफलता की कहानी कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिणार्थियों के साथ साझा की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा प्रगतिशील बकरी पालकों को सम्मानित किया गया साथ ही अनुसूचित जनजाति विकास परियोजना के तहत मथुरा जिले के 50 किसानों एवं बकरी पालकों को आवश्यक सामग्री प्रदान की गयी । इस अवसर पर कार्यक्रम के संचालन सचिव डॉ. अनुपम कृष्ण दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक एवं डॉ. अरविन्द कुमार, प्रधान वैज्ञानिक उपस्थित रहे ।